तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जून 2026

10 बस्तर मुन्ने एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त ....

11 बच्चों के निवालों से अब नहीं होगा खिलवाड़

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

खबर संक्षेप

एकलव्य की कक्षा छठवीं में प्रवेश होगा 30 जून से

जगदलपुर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। चयन मेरिट सूची के आधार पर होगी। काउंसलिंग 30 जून से 6 जुलाई तक की जाएगी, जिसमें विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तर शामिल हैं। अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। काउंसलिंग के बाद चयनित विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

राजस्व निरीक्षक संघ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

जगदलपुर। राजस्व निरीक्षक संघ ने करपावंड सरपंच को बर्खास्त करने की मांग की है। इस संबंध में संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर राजस्व निरीक्षक देवेंद्र श्रीवास के साथ मारपीट करने वाले ग्रामीणों और अन्य लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल संवेदनशीलता और समर्पण के साथ हो : देव

जगदलपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने आज वृंदावन कॉलोनी स्थित बाल गृह का निरीक्षण कर वहां देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल, सुरक्षा तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की स्थिति, पोषण व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित किया और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए अधिकारियों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

स्कूली बसों पर कसी नकेल, पंजीयन निरस्त व करेंगे ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग के शिविर में 66 स्कूल बसों की जांच और 44 को नोटिस

स्कूलों में बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे वाहनों पर संभागीय परिवहन विभाग ने नकेल कसने शुरू कर दी है। जांच में नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी की जा रही है। जिले के 110 स्कूल बसों की जांच के लिए शिविर किया गया, जिसमें 66 स्कूल बस पहुंचे। शिविर में लगभग 44 स्कूल बस नहीं पहुंचे, जिससे स्कूल संचालकों को नोटिस जारी करने के साथ ही ऐसे स्कूली बसों के पंजीकरण निरस्त करने की तैयारी की गई है। परिवहन विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूलों में लगी बसों के कागजात सहित फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र को जांच के लिए देखा जा रहा है। जिले के कुछ स्कूलों के स्कूल बस 15 वर्ष पुराने होने के बाद बच्चों को आने-जाने का उपयोग कर रहे है, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं, ऐसे स्कूल बसों का ऑनलाइन में ही पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही संभागीय परिवहन विभाग की एक टीम बनी है, जो विद्यालयों में बसों के नियमों की जांच करेंगी। बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली बसों को डाटा चेक किया गया था।

स्कूलों में बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे वाहनों पर कसा शिकंजा

पंजीयन निरस्त करने की तैयारी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का पालन बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिविर में 66 स्कूल बसों की जांच की और 44 स्कूल बस नहीं पहुंचे, उसके बाद नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त करने की तैयारी की जा रही है।

खेती- किसानी : बस्तर संभाग में बोनी ने पकड़ी रफ्तार

40 हजार हेक्टेयर में हुई बुवाई

झमाझम बारिश के साथ धान की रोपाई में जुट गए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसून की पहली बारिश के साथ बस्तर संभाग में खरीफ फसल सीजन 2026 की बुवाई कार्य में तेजी आने लगी है। कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसार संभाग में निर्धारित 9 लाख 16 हजार हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 40 हजार हेक्टेयर से ज्यादा रकबा में खरीफ फसलों की बुवाई की जा चुकी है। फिलहाल कृषक अपनी सुविधा के अनुरूप बुवाई के साथ ही सिंचाई साधन की उपलब्धता के आधार पर धान की रोपाई में व्यस्त हैं।

संयुक्त संचालक कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग महादेव ध्रुव ने बताया कि खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों की आवश्यकता अनुसार खाद और बीज का भंडारण तथा वितरण किया जा रहा है। अब तक 63 हजार क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध करीब 45 हजार क्विंटल से ज्यादा बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 17 हजार क्विंटल से अधिक बीज किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। वहीं उर्वरक के लिए एक लाख 82 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 95 हजार मीट्रिक टन भंडारित कर 39 हजार मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरित किया गया है। वर्तमान में बीज एवं उर्वरक का भंडारण निरंतर जारी है, और रैक की उपलब्धता के आधार पर जिलों को आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप धान के विकल्प ▶▶| शेष पेज 10 पर

सुगंधित धान व दलहन पर जोर

श्री ध्रुव ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत इस वर्ष विशेष रूप से नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों के किसानों को सहायता देकर उन्हें उन्नत खेती किसानी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन क्षेत्रों के अनुकूल फसलों के मद्देनजर सुगंधित धान के अलावा दलहन-तिलहन फसलों के प्रदर्शन पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है।

बारिश शुरू हो गई बिना रेनकोट, गमबूट और ग्लव्स के कर्मचारी कर रहे काम

नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पहली बारिश में ही कई वार्डों जवाहर नगर, वल्लभभाई पटेल, चंद्रशेखर आजाद तथा महारानी वार्ड में भराव की समस्या देखी गई। महापौर बस बयान बाजी करते हैं कि हमने सारी तैयारी कर ली है। उनके दावों का खुलासा जनता के समक्ष हो गया है। वार्ड पार्षद समस्याओं से खुद निपट रहे हैं। कर्मचारियों को बारिश से बचने के लिए अब तक रेनकोट वितरण नहीं किया गया है। कर्मचारियों को गमबूट और हाथ में ग्लव्स दिया जाता था। कर्मचारी प्रतिदिन सफाई का काम कर रहे हैं और नाली में उतरकर सांपों का खतरा मोल लेकर कार्य कर रहे हैं उनको देने के लिए सफाई सामग्री महापौर के पास नहीं है। उन्होंने कहा प्रतिदिन स्वच्छता पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

आजाद पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से लगे ग्राम नगरनार तथा चोकावाड़ा में संचालित आजाद पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर के संबंध में लगातार शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर आकाश छिकारा के आदेश पर एसडीएम ऋषिकेश तिवारी के नेतृत्व में राजस्व, स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 22 जून को औचक निरीक्षण किया। संस्था में भारी अनियमितता पायी गयी, जिसमें मरीजों का ब्लड सैंपल लेने की आड़ में पूरा मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का गोरखधंधा संचालित होना पाया गया। जिसमें नियम विरुद्ध एक्स-रे, ईसीजी, नेत्र जांच व अन्य जरूरी जांच जो कि मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए आवश्यक है उसे उपलब्ध किया जा रहा था व बिना सक्षम डॉक्टर के हस्ताक्षर के मेडिकल सर्टिफिकेट जारी हो रहे थे। ब्लड सैंपल जांच में भी अनियमितता पायी गयी व बिना सैंपल नंबर व समय डाले हुए सैंपल प्राप्त हुए तथा कई मामलों में बिना सैंपल लिए हुए ही जांच रिपोर्ट बनाया जाना पाया गया। उपस्थित स्टॉफ द्वारा डॉक्टर के स्थान पर स्वयं हस्ताक्षर किया जाना पाया गया। एकत्र किये गये ब्लड सैंपल के संबंध में जगदलपुर स्थित मुख्य लैब में भी निरीक्षण किया गया, परन्तु वहां भी अनियमितता पायी गयी। इस गंभीर लापरवाही तथा नर्सिंग होम एक्ट एवं अन्य विधिक प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने से सेंटर को सील कर दिया गया है।

- ब्लड सैंपल लेने की आड़ में पूरा मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का चल रहा था गोरखधंधा

बिना वैध लाइसेंस चल रहा क्लीनिक सील

नगरनार में संचालित एक अन्य क्लीनिक संजीवनी के नाम से बीएएमएस डिग्रीधारी द्वारा एलोपैथिक दवाई से उपचार करना पाया गया। क्लीनिक का कोई वैध लाईसेंस होना नहीं पाया गया। इसलिए क्लीनिक को भी सील कर दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार लखीराम पाण्डेय, विषय विशेषज्ञ डॉ. अनुराग शर्मा, मेडिकल अफसर डॉ. ऋषभ साव, क्षेत्र के पटवारी व पुलिस बल उपस्थित रहे।

धूम्रपान और कोटपा एक्ट उल्लंघन पर 20 लोगों पर 3300 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स के निर्देश के परिपालन में संयुक्त अभियान के तहत अपर कलेक्टर सीपी बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में मंगलवार को उप पुलिस अधीक्षक शुशन्ता लकड़ा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में 22 से 26 जून तक जनजागरुकता अभियान चलाये जाने व कोटपा एक्ट संबंधी चालानी कार्रवाई के साथ साथ पशु क्रूरता के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 के तहत आम नागरिकों को जागरूक कर बताया गया। इस दौरान बतख-मुर्गे को बांधकर उल्टा लटकाकर क्रूरतापूर्वक नहीं ले जाने की जगह टोकरी अथवा झोले मे रखकर ले जाने के बारे में अवगत कराया गया। वहीं ऐसा करते पाए जाने पर 5 हजार ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पशु पक्षी क्रूरता न करने की दी गई समझाइश

विद्युत अधिकारी- कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के आह्वान पर सोमवार को पूरे प्रदेश में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। जगदलपुर सहित विभिन्न जिलों में कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन में भाग लिया और प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। संघ ने बताया कि कर्मचारियों के मौलिक, संवैधानिक एवं वैधानिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

- कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा

विद्युत व्यवस्था पर पड़ा असर

सामूहिक अवकाश का असर सोमवार को विद्युत व्यवस्था और विभागीय कार्यों पर भी देखने को मिला। अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश पर रहने से कई विभागीय कार्य प्रभावित हुए। सामान्य दिनों में कम समय में पूरे होने वाले अनेक कार्यों के निष्पादन में घंटों की देरी हुई, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अब सिर्फ बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से ही राशन दूकान में मिलेगा खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले की सभी ऑनलाइन उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री का वितरण अब अनिवार्य रूप से ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों के आधार प्रमाणीकरण यानी बायोमेट्रिक द्वारा ही किया जाएगा। भारत सरकार की वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आधार प्रमाणीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है, ताकि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। इसके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि कई राशन दुकानों में बायोमेट्रिक के बजाय सीधे मोबाइल ओटीपी के जरिए राशन बांट दिया जाता है, जिससे गड़बड़ी और अनियमितता की आशंका बनी रहती है। इस व्यवस्था पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण केवल कुछ बेहद विशेष और सीमित परिस्थितियों में ही मान्य होगा। यह छूट केवल उन राशनकार्डों को मिलेगी जिनमें सभी सदस्यों की उम्र 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम हो या फिर वे एकल निराश्रित और निःशक्तजन राशनकार्डधारी हों जिनके पास नॉमिनी के माध्यम से राशन लेने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इन विशेष हितग्राहियों को भी ओटीपी का विकल्प तभी ▶▶| शेष पेज 10 पर

- गड़बड़ी करने वाले दुकानदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई

खबर संक्षेप

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीनीकरण प्रक्रिया शुरू

कोण्डागांव। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नवीनीकरण आवेदन 20 जून से तथा नवीन आवेदन 1 अगस्त से स्वीकार किए जाएंगे। आदिवासी विकास विभाग के अनुसार छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन, परीक्षण एवं स्वीकृति की प्रक्रिया 30 दिसंबर तक चलेगी। छात्रवृत्ति का भुगतान जनवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। छात्रवृत्ति के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालकों की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 लाख रुपये निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए स्थायी जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछली परीक्षा की अंकसूची एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य होंगे। विभाग ने विद्यार्थियों से आवेदन करते समय सक्रिय एवं आधार से जुड़े बैंक खाते की जानकारी दर्ज करने की अपील की है। छात्रवृत्ति राशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी। वर्ष 2026–27 में एससी, एसटी एवं ओबीसी विद्यार्थियों के लिए एनएसपी पोर्टल से ओटीआर वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। इसके संबंध में राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा।

नैनो उर्वरक से युवा किसान पुनम नेताम की खेती बनी लाभकारी

कोण्डागांव। ग्राम दावड़ीबेड़ा चिखलपुटी के युवा किसान पुनम नेताम नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से खेती में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों से

नैनो उर्वरकों का प्रयोग कर रहे पुनम नेताम ने धान, मक्का और सब्जी फसलों में सकारात्मक परिणाम हासिल किए हैं। गत वर्ष 10 एकड़ में मक्का की खेती के दौरान नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसल की वृद्धि बेहतर हुई और उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। किसान पुनम के अनुसार नैनो उर्वरकों का छिड़काव सीधे पत्तियों पर किया जाता है, जिससे पोषक तत्व तेजी से पौधों तक पहुंचते हैं और उनकी उपयोग क्षमता बढ़ती है। नैनो उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, जबकि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो सकती है।

पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, 30 जून तक लेंगे आवेदन

कोण्डागांव। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जिले के उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत हालर मिल, गुड़ निर्माण, मिनी राइस मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन, पापड़ बेकरी, चिप्स, ब्रेड, मिठाई, रेडी–टू–ईट उत्पाद सहित विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को शामिल किया गया है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। अनुदान की अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। व्यक्तिगत उद्यमी, कृषक उत्पादक संगठन, स्व–सहायता समूह, उत्पाद सहकारी समितियां तथा अन्य सहकारी संस्थाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।आवेदकों को कोटेशन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल, राशन कार्ड, बैंक पासबुक तथा पिछले छह माह का बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना होगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं तकनीकी सहायता के लिए इच्छुक आवेदक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डीएनके कॉलोनी स्थित सुमति कॉम्प्लेक्स, कोंडागांव कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पर प्रशिक्षण

स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुमोदन पर दिया गया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में आयोजित प्रशिक्षण में ग्रामसभाओं के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुमोदन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पात्र हितग्राहियों की पहचान पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के तहत पात्र एवं आवासविहीन परिवारों की पहचान और उन्हें योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया समझाई। ऑनलाइन अपलोडिंग की तकनीकी जानकारी प्रदान भी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को सूची के सत्यापन, दस्तावेजों की जांच तथा पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने की तकनीकी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

■ प्रतिभागियों ने कार्य को लेकर दिए सुझाव

प्रभावी क्रियान्वयन के लिए साझा किए सुझाव

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने योजना के बेहतर संचालन एवं पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। प्रतिभागियों ने कहा कि सभी संसाधन व सूची रहने पर काम करने में आसानी होती है। पात्रता मानदंडों को लेकर कुछ समस्याएं आतीं हैं, उनके तत्काल निराकरण से समस्या खत्म हो जाती है।

पारदर्शिता और समय–सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

ग्रामसभा में पात्रता मानदंडों के अनुरूप सूची तैयार करने तथा अनुमोदित सूची को निर्धारित समय–सीमा में पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। इसमें देरी होने पर कार्रवाई भी की जा सकती है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन : कलेक्टर ने साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति परखी

बस्तर मुन्ने एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र व प्राथमिकता के आधार पर करें निराकरण: पन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने बस्तर मुन्ने एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए समय–सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और एग्रीस्टैक पंजीयन की समीक्षा कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों को कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति पर सख्ती दिखाई। कलेक्टर ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की अपार आईडी से जुड़े लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने को कहा। श्रमिकों के अनिवार्य पंजीयन पर बल पर भी जोर दिया। निर्माण कार्यों में लगे सभी श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि वे शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। नगरीय क्षेत्र की रिक्त दुकानों की होगी नीलामी करने कहा। कलेक्टर ने नगरपालिका को रिक्त दुकानों की नीलामी कर उनका संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए गए।

■ नगरीय क्षेत्र की रिक्त दुकानों की नीलामी कराएं

विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, स्वामित्व योजना, महतारी वंदन योजना, मातृ वंदना योजना, सूर्य घर योजना और विद्युत उपकेंद्र निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों को योजनाओं एवं निर्माण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समय–सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के अलग–अलग गांवों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम देउरबाल के सन्तुराम मण्डावी और ग्राम करण्डी के रैसिंग मण्डावी ने वन अधिकार पत्र प्रदान किए जाने की मांग की। ग्राम उपरमुरवेण्ड निवासी रामदेव नेताम ने रांधा से उपरमुरवेण्ड तक सीसी रोड निर्माण कराने की मांग रखी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र जांच एवं निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

ग्राम उलेरा में प्रशासन ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने ग्राम उलेरा में प्रस्तावित बाल विवाह को रोकने की कार्रवाई की। विवाह स्थल पर पहुंची टीम ने वर–वधु के दस्तावेजों की जांच की, जिसमें वर की आयु विवाह के लिए निर्धारित कानूनी आयु से कम पाई गई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दंडात्मक प्रावधानों एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया। समझाइश के बाद दोनों परिवारों ने निर्धारित वैधानिक आयु पूरी होने के बाद ही विवाह संपन्न कराने पर सहमति व्यक्त की। सरपंच, पंचों, ग्रामीणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर बाल विवाह को विधिवत रोका गया।

■ विभागीय सूचना पर संयुक्त टीम की त्वरित कार्रवाई

बाल संरक्षण के लिए प्रशासन सतर्क

जिला प्रशासन ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी एवं जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही।

योग से स्वस्थ और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है तथा विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि हमारे

ऋषि–मुनियों की अमूल्य देन है, जो मानसिक और आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 12वें संस्करण की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' के तहत बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि भागदौड़ भरे जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। कार्यक्रम के समापन पर सांसद श्री नाग ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्त और स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ दिलाई। योग कार्यक्रम के बाद अतिथियों एवं अधिकारियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ये रहे उपस्थित : कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेण्डी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

पुनर्वासितों ने योग कर लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में पुनर्वास केंद्र देवखरगांव के पुनर्वासित व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने पुनर्वासितों से मुलाकात कर उन्हें नई शुरुआत और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पुनर्वासित व्यक्तियों ने योगाभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पुनर्वास केंद्र देवखरगांव में आत्मसमर्पित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। वर्तमान में 21 पुनर्वासित व्यक्ति विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित हो रहे हैं। पुनर्वासितों को असिस्टेंट इलेट्रिरशियन, टू–व्हीलर सर्विस

असिस्टेंट सहित अन्य व्यवसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जल्द ही कार पेंटर, राजमिस्त्री, सिलाई और वाहन चालक जैसे पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त पहल पुनर्वासित व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योग दिवस पर पुनर्वासित व्यक्तियों की सक्रिय सहभागिता उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन और नए आत्मविश्वास का प्रतीक बनी।

जिला एवं सत्र न्यायालय में योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिंगरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग अपनाने की प्रेरणा दी। योग शिक्षक लखन लाल पटेल एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योग सत्र में हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षकों ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त आराम के महत्व को समझाते हुए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। योगाभ्यास के बाद सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं को पौष्टिक आहार वितरित किया गया।

सखी वन स्टॉप सेंटर में सामूहिक योगाभ्यास

कोण्डागांव। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर, कोण्डागांव में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन और शवासन सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग की सही विधि तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। केंद्र प्रशासक श्रीमती स्वीटी दास ने कहा कि योग वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली और मानसिक तनाव से राहत दिलाने का प्रभावी साधन है। कर्मचारियों से योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने अपने परिवार एवं समाज में योग के महत्व का प्रचार–प्रसार कर लोगों को स्वस्थ और निरोग जीवन के लिए प्रेरित करने का संकल्प व्यक्त किया।

पेज 9 के शेष

झमाझम बारिश के ...

के रूप में दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत किसानों को मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और रामतिल जैसी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही कोदो, कुटकी, रागी और ज्वार जैसी लघु धान्य फसलों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

नियंत्रण कक्ष से लें कृषि सलाह : कृषि विभाग द्वारा मैदानी अमले और कृषक मित्रों के साथ ही कृषि संगोष्ठियों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को तकनीकी सलाह और आधुनिक खेती की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने किसानों से जिलों में स्थापित खरीफ नियंत्रण कक्ष अथवा क्षेत्र के कृषि अमले से संपर्क कर बीज खाद की उपलब्धता सहित खरीफ फसलों की बुवाई हेतु समसामयिक कृषि सलाह लेने का आग्रह किया है।

बारिश शुरू हो गई...

काम करने वाले कर्मचारियों को सफाई से संबंधित सामग्री रेनकोट, ग्लव्स, गमबूट जल्द प्रदाय करें ताकि बारिश में सुचारू रूप से शहर के सभी वार्डों में सफाई का काम हो सके।

धूम्रपान और कोटपा ....

जुर्माना व 5 साल तक का सजा का प्रावधान संबंधी समझाइश दी गई। साथ ही कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर धारा 4 के तहत 18 लोगों के विरुद्ध चालान किया गया व सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान का सेवन करते पाए गए दो व्यक्तियों के विरुद्ध कोटपा अधिनियम की धारा 6(ठ) के तहत चालानी कार्रवाई की गई और कुल 20 व्यक्तियों से 3300 रुपये की राजस्व वसूली की गई।

कार्रवाई में कई विभाग के अफसर- कर्मी रहे शामिल : कार्रवाई में थाना कोतवाली के अमले सहित पुलिस एवं आबकारी विभाग, उद्योग, वन विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उपस्थित होकर नशामुक्ति के संबंध में भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

विद्युत अधिकारी- कर्मचारी....

अधिकारों की उपेक्षा, लंबित मांगों के निराकरण में हो रही देरी तथा पदोन्नति प्रक्रिया में नियमों के अनुरूप कार्रवाई नहीं होने के विरोध में यह आंदोलन आयोजित किया गया। आंदोलन के दौरान प्रदेशभर के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर प्रबंधन एवं शासन स्तर पर ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। शहर में भी दिनभर बिजली की आंख-मिचौली जारी रही। कई इलाकों में बिजली बार-बार बाधित होती रही, जिससे आम नागरिकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरेलू उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग की ओर से विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के प्रयास किए जाते रहे, लेकिन कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश का असर व्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर संघ के नंदलाल काशी, एसआर भद्रे, राजेन्द्र नेताम, विकास कुंजाम आदि शामिल रहे।

अब सिर्फ बायोमेट्रिक ....

दिया जाएगा, जब उनका आधार प्रमाणीकरण का प्रयास भौतिक रूप से पूरी तरह विफल साबित हो जाए। इसके साथ ही नियमों को और सख्त करते हुए यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि किसी राशनकार्ड में मुख्य हितग्राही के स्थान पर कोई नामांकित व्यक्ति नॉमिनी राशन लेने पहुंचता है, तो उसे भी अनिवार्य रूप से अपने स्वयं के आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से ही खाद्यान्न का उठाव करना होगा। यदि तकनीकी खराबी के कारण बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण असफल होता है, तो उचित मूल्य दुकान संचालक इसकी जानकारी तत्काल संबंधित क्षेत्र के खाद्य निरीक्षक और तकनीकी टीम को देंगे ताकि तकनीकी समस्या का तुरंत निराकरण किया जा सके।

बायोमेट्रिक का ही उपयोग करें : कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी है कि जो भी उचित मूल्य दुकान संचालक आधार प्रमाणीकरण की उपेक्षा कर जानबूझकर ओटीपी के माध्यम से वितरण को प्राथमिकता देंगे, उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत कड़ी दंडात्मक और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जिले के सभी राशनकार्डधारियों से भी अपील की है कि वे खाद्यान्न उठाव के लिए अपने अंगूठे या उंगली के निशान यानी बायोमेट्रिक का ही उपयोग करें। इस नए नियम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सभी राशन दुकानों में बैनर-पोस्टर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी खाद्य अधिकारियों को दिए गए हैं।

विशेष आवश्यकता वाले ....

समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए। ऐसे संस्थानों में बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बाल गृह के अधीक्षक एवं कर्मचारियों को बच्चों की सेवा और देखभाल के प्रति अधिक सक्रिय एवं संवेदनशील रहने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार बच्चों के कल्याण एवं विकास के लिए सुविधाओं का निरंतर विस्तार और उन्नयन कर रही है। विधायक ने अपने प्रयासों से निर्मित छत्तीसगढ़ के प्रथम मॉडल बाल गृह एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय के पूर्ण हो चुके उन्नयन कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर आवासीय, शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। बच्चों के रहने का स्थान स्वच्छ, सुरक्षित एवं उत्कृष्ट स्तर का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मॉडल बाल गृह के विकास का यह प्रथम चरण है तथा आगामी समय में बच्चों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है तथा इस दिशा में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक की बच्चों के प्रति संवेदनशीलता तथा मॉडल बाल गृह के उन्नयन कार्यों के लिए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही, सदस्यों, प्रभारी अधीक्षक मनोजकांत जोशी तथा कर्मचारियों धन्यवाद ज्ञापित किया है। निरीक्षण के दौरान सदस्य वर्षा श्रीवास्तव, धनेश्वरी वर्मा, रामकृष्ण ठाकुर, रंजीता जोशी, पलक साव, माहेश्वरी सरवन, सोमा सरकार, मेघा चौहान उपस्थित रहे।

पालकों को बच्चों की शिक्षा में देना चाहिए ध्यान : ठाकुर

पीएम श्री सेजेस विद्यालय में शाला सह संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगर के डीहीपारा के पीएम श्री सेजेस विद्यालय मे हायर सेकेंडरी/ माध्यमिक/ प्राथमिकशाला संकुल केंद्र संकुल प्राचार्य सह संकुल समन्यवक/ प्राचार्य सह समस्त प्रधानाध्यापक केशकाल के द्वारा मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया, कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों का तिलक वंदन करते हुए उनको गणवेश वितरण करके किया गया।

कार्यक्रम में पार्षद राजेंद्र ठाकुर ने कहा की अपने बच्चों की शिक्षा पर पालकों को ध्यान देना चाहिए और स्कूल के हर गतिविधि मे सहभागी बनना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों की शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत मे संकुल समन्वयको द्वारा पाँचवी एवं आठवीं मे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन पीएम श्री सेजेस विद्यालय के प्राचार्य संगीता भास्कर ने किया।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अजय मिश्रा शाला विकास समिति के अध्यक्ष , सदस्य कन्हैया लाल तातेड, संकुल समन्यवक दिनेश नाग, विभिन्न शालाओं से शाला प्रबंध समिति सदस्य रमेश धुवा, दिव्या जैन, पूजा यादव, आशा सरकार, शिवलाल यादव, दुर्गा नेताम, नीरा नेगी, शिक्षक आर.के.विश्वकर्मा प्राचार्य- शा.क.ऊ.मा.वि., महेश धरत प्रधानाध्यापक, आशाराम नेताम प्र.अ.मा.शा.डिहीपारा, कंवल सिंह नाग, इंदिसरा रामटेके प्र.अ., उमा राजपूत, पी.आर.नेताम, मीनू कुमारी, गरिमा मसीह, अखिलेश दुबे व्याख्याता, किरण नेताम, माधुरी नेताम, प्रभा नाग, शिवांगी सिंह, अनुराधा ध्रुव, खिरमोतिन सिन्हा, सुलेखा कर्मा आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों ने नियमित योग करने का लिया संकल्प

जगदलपुर। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय के निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रातः 6:30 से 8 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ योग के महत्व एवं इसके शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक लाभों पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके उपरान्त उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के योग शिक्षक योगाभ्यास ग्रीवा संचालन, स्कंध, कटी, घुटना, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भाद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उतानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजन्गासन, उत्तानपादासन के अभ्यास कराये गए।

नर्सिंग महाविद्यालय में हुआ योगाभ्यास

जगदलपुर। योग साधना प्राचीन परम्परा है। नर्सिंग महाविद्यालय का प्रयास रहा है कि योग अध्यात्मक और साधना के प्रमुख तत्व युवाओं तक पहुंचे। शिवम योग समिति के योग गुरु सुनीता उमावस्य एवं सुनीता शर्मा ने गायत्री मंत्र के साथ प्रारंभ किया। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में योगा दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। प्राचार्या तृप्ति सोनी ने कहा कि योगा की सहायता से व्यक्ति चित्त वृत्तियों को संयमित कर पाता है।

कलेक्टर के निर्देश पर आवासीय विद्यालय होंगे बायोमेट्रिक युक्त

बच्चों के निवालों से अब नहीं होगा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शैक्षणिक सत्र 2026-27 को लेकर शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। पिछले दिनों कलेक्टर अमित कुमार ने प्राचार्य, अधीक्षकों की बैठक मे चेतावनी देते हुए परिणाम सुधारने के निर्देश दिऐ। वही नीजि स्कुलों के परीक्षा परिणाम को लेकर भी कड़ी चेतावनी दी गई।

■ नीजि स्कूलों को चेतावनी, परिणाम सुधारों नहीं तो मान्यता होगी रद्द

सुकमा जिले में परीक्षा परिणामों व व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सुकमा के निर्देश पर जिला शिक्षाधिकारी द्वारा कार्रवाईयों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पिछले दिनों संपन्न बैठक में कहा गया कि आश्रम एवं छात्रावासों में सभी बच्चों की उपस्थिति 100 प्रतिशत होना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा सभी आश्रम, छात्रावासों में आगामी सत्र से दिन में दो बार बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु बायोमेट्रिक मशीन दिया जावेगा। सभी अधीक्षक की जिम्मेदारी होगी कि सभी बच्चों की उपस्थिति दिन में दो बार मशीन में हो एवं उसका मानीटरिंग विकासखंड एवं जिला स्तर से किया जावेगा।

आईएमएसटी स्कूल सुकमा के 12वीं एवं सरस्वती शिशु मंदिर सुकमा के 10वीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष कम होने के कारण, कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि अगले वर्ष भी परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में मान्यता समाप्त करने हेतु अनुशंसा की जायेगी। साथ ही स्कूल एवं आश्रम, छात्रावास, पोर्टकेबिन में बच्चें अगर मोबाईल चलाते पाये जाते हैं, तो उनका मोबाईल जप्त कर पालक को सूचित करें एवं जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करना हैं। इस संबंध में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक में पालकों एवं बच्चों को जानकारी दी जाये।

अच्छे परिणाम लाओं ईनाम पाओ

कलेक्टर ने कहा जिन संस्थाओं का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा उन संस्थाओं को 2 लाख रूपये की राशि संस्था के लिए आवश्यकतनुसार सामग्री क्रय हेतु दिया जायेगा। अगले वर्ष से माह दिसम्बर के बाद बोर्ड कक्षा (10वीं, 12वीं) के किसी भी छात्र,छात्राओं को खेलकूद, स्काउट एवं किसी भी प्रकार के कार्यक्रमों में बिना उच्च कार्यालय के अनुमति के नहीं भेजेंगें। समस्त प्राचार्य एवं विषय शिक्षक तथा अधीक्षकों से चर्चा उपरांत विद्यार्थियों के हित में कार्य करने हेतु कहा गया। साथ ही निर्देश दिये गये कि आगामी सत्र में सभी विद्यार्थी नियमित स्कूल आवे एवं सभी स्टाफ मिलकर प्रयास करेंगें।

प्राचार्य तथा शिक्षकों के विरुद्ध होंगे कार्रवाई

आयोजित बैठक में आगामी सत्र में जिस स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत नहीं होगा वहां के प्राचार्य तथा शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनत्मक कार्यवाही की जावेगी। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति आगामी सत्र में बोर्ड परीक्षा आवेदन करने के पहले 75 प्रतिशत से कम रहेगी उनको नियमित विद्यार्थी के रूप में आवेदन नहीं कराना है तथा उन्हें स्वाध्यायी या ओपन स्कूल के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रथम पालक शिक्षक बैठक में पालकों को एवं विद्यार्थियों को सूचित करेंगे।

उत्कृष्ट योग प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

जगदलपुर। विश्व योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में कुम्मर बेनीशिव एवं पूर्णिमा मिश्रा व्याख्याता ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों को योगाभ्यास कराया और विभिन्न योगासनों का महत्व बताते हुए इनके शारीरिक और मानसिक लाभ बताए। प्राचार्य डॉ.पूर्णिमा सरोज ने कहा कि प्रति दिन योगाभ्यास से तन मन स्वस्थ रहता है तथा विद्यार्थियों में पढ़ाई के लिए मन की एकाग्रता का विकास होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अतः योगाभ्यास को सभी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस प्रकार विद्यालय में प्रति दिन योगाभ्यास करने एवं स्वस्थ नागरिक बन कर भारत के विकास में अपना योगदान देने के संकल्प के साथ हर्षोल्लास से विश्व योग दिवस मनाया गया। उत्कृष्ट योग प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

■ शासकीय विद्यालय धनपुंजी में योग दिवस मनाया गया

इस अवसर पर गजेंद्र ध्रुवे व्याख्याता, कुसुम हिरवानी, मंजू मंडावी, मालती पोर्ते समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं अतिथिगण उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी माहेश्वरी समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान महेश (शिव) की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के तहत नगर में भव्य रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिला, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ पर्व का उत्सव मनाया। इसके पश्चात राम मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। समाजजनों ने विधि-विधान से भगवान की आराधना कर क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के लिए शरबत वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि महेश नवमी समाज की एकता, सेवा और संस्कारों का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। महेश नवमी के आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल रहा और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

■ श्रद्धालुओं लिए शरबत वितरण किया गया, लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

शासकीय कन्या विद्यालय परिसर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किरंदुल चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। परिसर में पीपल, बरगद, आम, जामुन, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए विभिन्न रंग-बिरंगे सजावटी पौधे भी लगाए गए। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं उन्हें विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, वर्षा संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

■ किरंदुल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चलाया हरियाली अभियान

कार्यक्रम में किरंदुल चेंबर के सचिव राज प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय सोनी एवं सुषमा साहू, सह सचिव शेखर दत्ता, कार्यालय सचिव राजेश वैपराल, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, सह कोषाध्यक्ष विकास स्वामी, सविता पाल एवं सुरेंद्र कौर सहित सदस्य उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में अतुल सिंह, आजाद सक्सेना, बिप्लव मल्लिक, राजेंद्र सक्सेना, धरमपाल मिश्रा एवं सुजीत पिल्ले ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के इस सराहनीय अभियान की प्रशंसा करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की सफलता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य मंगरीटा टोपों एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। सभी उपस्थितजनों ने एक पेड़, सौ पीढ़ियों का उपहार के संदेश को आत्मसात करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम से विद्यालय परिसर हरियाली की नई सौगात से सराबोर हो उठा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचा।

घर में चल रहा था गांजे का कारोबार आमाबेड़ा पुलिस ने आरोपी को दबोचा

42 हजार रुपए का गांजा खाट के नीचे छिपाकर रखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आमाबेड़ा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम सोड़े में दबिश देकर एक व्यक्ति को गांजा बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 752 ग्राम गांजा, एक जीवित गांजा का पौधा और बिक्री से प्राप्त नगद राशि बरामद की गई है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 42 हजार रुपये आंकी गई है।

■ बाड़ी में उगा रखा था गांजा का पौधा, पौधा को किया जब्त

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सोड़े निवासी 42 वर्षीय टिबलू राम पटेल अपने घर में प्लास्टिक की थैलियों में गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। साथ ही उसने घर से लगी बाड़ी में गांजा का पौधा भी लगा रखा है। सूचना की तस्दीक के बाद आमाबेड़ा थाना पुलिस की टीम ग्राम सोड़े पहुंची और आरोपी के घर में दबिश दी।

तलाशी के दौरान कमरे में खाट के नीचे छिपाकर रखे गए दो प्लास्टिक पैकेटों से गांजा बरामद किया गया, वहीं घर के पास बाड़ी में लगभग पांच फीट ऊंचा गांजा का एक जीवित पौधा भी मिला। तौल करने पर दोनों पैकेटों में रखे गांजे का वजन 1.662 किलोग्राम तथा पौधे का वजन 1.090 किलोग्राम पाया गया।

आरोपी की तलाशी में गांजा बिक्री से प्राप्त 600 रुपये नगद भी बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही गांजा, गांजा का पौधा और नगद राशि जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना आमाबेड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(क) (I) एवं 20(ख) (II) (ख) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

जगरगुंडा में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया

सुकमा के सुदूर अंचलों में शिक्षा की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

मुख्यमंत्री के मंशानुरूप और जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित रहे व सुदूर विकासखंड कोंटा अंतर्गत जगरगुंडा में संकुल स्तरीय 'शाला प्रवेशोत्सव' का अभूतपूर्व व उत्साहजनक आयोजन किया गया।

जगरगुंडा, सिलगेर, मिसिगुड़ा, मिलमपल्ली एवं बंजेपल्ली जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रशासन का यह प्रयास बेहद सराहनीय रहा। कार्यक्रम में पहली बार स्कूल की दहलीज पर कदम रखने वाले नवप्रवेशी नन्हे-मुन्नों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीना स्वागत किया गया। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाने वाले मेधावी छात्रों को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जो क्षेत्र में बदलते शैक्षणिक परिवेश और प्रशासन की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की योजना के तहत निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, पेन और गणवेश यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। शिक्षा सत्र के पहले ही दिन सारी जरूरी शिक्षण सामग्री हाथों में पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और स्थानीय अभिभावकों में प्रशासन के प्रति भारी उत्साह व विश्वास देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू सहित विशिष्ट अतिथियों, स्थानीय जन-प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बच्चों को शासन की इन सुविधाओं का लाभ उठाकर मन लगाकर पढ़ने तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर बचेली में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने डॉ. मुखर्जी को नम आंखों से याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के देश हित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों, उनके संघर्षों और उनकी राष्ट्रभक्ति की जानकारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके अखंड भारत के संकल्प और देश के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को रेखांकित किया।

इस विशेष कार्यक्रम के प्रभारी नरेंद्र सोनी सह प्रभारी बादल कुंडू थे। जिनकी देखरेख में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बचेली मंडल प्रभारी आशीष चौहान नें मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। बलिदान दिवस के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों जिनमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अम्लेन्दू चक्रवर्ती, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश शर्मा, शिप्रा विश्वास महिला मोर्चा महामंत्री, सूरज जायसवाल कोषाध्यक्ष धनसिंह नाग पार्षद, श्यामलाल सेठिया, ओम प्रकआश जैन, अर्नब चक्रवर्ती, अरुण तांडी,अनुसूया भोपले, लक्ष्मी पानी,पुष्पा सिंह, नरेश, दिव्यो, शिखा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के पदचिह्नों पर चलने और देश सेवा के संकल्प को दोहराया।

कैडेट्स को आग से बचाव के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड

छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तहत कैडेट्स के व्यावहारिक ज्ञान और आपदा प्रबंधन कौशल को मजबूत करने के लिए अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान और प्रदर्शन आयोजित किया गया।

बस्तर संभाग के एसडीआरएफ प्रभारी अधिकारी सुशील कुमार साहू ने कैडेट्स को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियों और आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में अग्नि सुरक्षा उपायों के महत्व पर जोर देते हुए कैडेट्स को जागरूक और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के बाद एसडीआरएफ टीम ने अग्निशमन का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। इसमें अलग-अलग प्रकार की आग को नियंत्रित करने की तकनीकें और अग्निशामक यंत्रों के सही इस्तेमाल को दिखाया गया। साथ ही मेडिकल इवैक्यूएशन की प्रक्रिया भी प्रस्तुत की गई, जिसमें घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और प्राथमिक उपचार देने की विधियों से कैडेट्स को अवगत कराया गया। यह प्रशिक्षण एनसी के मूल उद्देश्यों अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और संकट में समाज की मदद करने की भावना के अनुरूप रहा। महिला कैडेट्स के लिए यह आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और आपदा में नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में अहम रहा।

ऐसे प्रशिक्षण से कैडेट्स न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर परिवार, समुदाय और राष्ट्र की सेवा में भी प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसी बटालियन के स्टाफ और कैडेट्स ने सुशील कुमार साहू और एसडीआरएफ टीम को उनके ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी प्रदर्शन के लिए आभार जताया।

सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ व निरोगी जीवन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में योग किया गया। खंड शिक्षा कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कुड़ेम रहीं। वहीं तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, एसडीओपी घनश्याम कामड़े, थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े, खंड शिक्षा अधिकारी कोरम विजय, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एटला श्रीनिवास, प्राचार्य राजेश नक्का, गोल्लागुडा हाईस्कूल के प्राचार्य बी आर झाड़ी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शुरूआत योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम से हुई। योग प्रशिक्षक एवं चिकित्सकों ने लोगों को योग के महत्व की जानकारी देते बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग करने से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

खबर संक्षेप

बस्तर के 1000 से अधिक किसानों की किस्त अटकी

जगदलपुर। कांग्रेस आईटी सेल प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही ने जारी बयान में बस्तर के हजारों किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ नहीं मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बारंबार कृषि विभाग बायोमेट्रिक सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए किसानों को परेशान कर रहा है। 20 जून को प्रधानमंत्री ने राशि जारी किया। बस्तर में पीएम किसान योजना में 13 हजार 5 सौ 14 किसान पंजीकृत हैं। तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए लगभग एक हजार से ज्यादा किसानों का एक वर्षों से भुगतान रोक दिया गया है। जबकि एक वर्ष पूर्व ही कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने घर-घर जाकर या विभिन्न माध्यमों से पंजीकरण कराया। बावजूद एक वर्ष से राशि नहीं मिल रहा है।

दृष्टि व श्रवण बाधित स्कूल में प्रवेश शुरू

जगदलपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा आड़ावाल में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में प्रवेश हेतु 31 जूलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उक्त विद्यालय में दृष्टि बाधितार्थ बच्चों के लिए कक्षा पहली से 12 वीं तक तथा श्रवण बाधितार्थ बच्चों हेतु कक्षा पहली से दसवीं तक अध्ययन की व्यवस्था उपलब्ध है। विद्यालय में 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर निवासरत बच्चों के लिए निःशुल्क छात्रावास सहित गणवेश, भोजन एवं पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही शहर में निवासरत बच्चों को घर से विद्यालय तक आने-जाने के लिए निःशुल्क बस सुविधा सुलभ है।

राज्य के पेंशनर भुगत रहे आर्थिक नुकसान

जगदलपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने म प्र सरकार के पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उम्मीद है छत्तीसगढ़ सरकार भी लंबे अरसे से आपसी सहमति के चक्कर में आर्थिक नुकसानी झेल रहे लाखों पेंशनरों के हित में निर्णय लेकर राहत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों प्रांतों को अनिवार्य रूप से आपसी सहमति लेनी पड़ती है। इस आपसी सहमति के चक्कर में होने वाले विलंब के कारण हर बार पेंशनरों को आर्थिक नुकसानी का सामना करना पड़ता है । म प्र सरकार ने इस मामले को संज्ञान में लेकर स्थायी समाधान हेतु छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र प्रेषित किया है। अब गेंद छत्तीसगढ़ सरकार के पाले में है। मांग करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, एल एस नाग, बी एस नेताम, धरम सिंह मंडावी, एस डी माझी, ओ पी भट्ट, शिव सिंह भदौरिया, हेमंत टांकसाले ,सुरेश कुमार घाटौड़े, शंभू नाथ देहरी, सदाराम ठाकुर, रैमन दास झाड़ी, मो अय्यूब खान,रूप कुमार झाड़ी, मो कासिम, कासिमुद्दीन खान, अनिता राज, जयमनी ठाकुर, सविता नायर, करमजीत कौर, डॉ सुषमा झा ,रेखा सेन, सुकरी बघेल, ऊषा चिखलीकर ,शुभ्रा कुंडू एवं भगवती नेताम शामिल हैं।

मन लगाकर पढ़ें बच्चे, प्रवेश उत्सव में अतिथियों ने दिया मूलमंत्र

तिलक लगाकर नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत, पाठ्यपुस्तकें पाकर बच्चे हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

प्राथमिक शाला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम हुआ। जहां नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा पाठ्य पुस्तकें वितरित कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात संकुल केन्द्र के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि नगरपंचायत के उपाध्यक्ष संतोष बोरे रहे। अध्यक्षता गट्टू सुधाकर सेवानिवृत्त प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फारुख खान, आनकारी सुधाकर शिक्षक प्रकोष्ठ, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री के श्रीनिवास राव, साईं कुमार चेट्टी युवा मोर्चा एवं पार्षद विजार खान पार्वती गौतम उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक कमल सिंह कोर्राम ने स्वागत उद्बोधन में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को नए शिक्षा सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

अध्यक्ष ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे तथा सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो। इसी उद्देश्य से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं उत्साह का संचार हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षकों से भी विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देकर उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आग्रह किया।

शिक्षकों को बेहतर पढ़ाई की सीख

विशिष्ट अतिथि ए सुधाकर ने कहा कि शासन के निर्देश अनुसार कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षा से वंचित ना हो और उन्हें विद्यालय में प्रथम बार उत्साह के साथ प्रवेश दिलाना ही शाला प्रवेश उत्सव का विशिष्ट महत्व है। सभी शिक्षक शिक्षिकाये लगन के साथ बच्चों को पढ़ाये और देश के एक अच्छे नागरिक बनने का प्रेरणा दे। छात्र छात्राओं को पेन, कापी, सीस, कटर, रबर, सामग्री वितरण किया गया।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तुरंत करें निराकरण

बारिश में मच्छरों के लार्वा पनपने से पहले करें सफाई : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित

■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण तथा बस्तर मुन्ने अभियान के अंतर्गत चिन्हांकित योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बारिश के सीजन में मलेरिया और डेंगू बीमारी की रोकथाम हेतु जिले में प्रत्येक गुरूवार को 10 बजे, 10 मिनट और 10 हफ्तो तक घर एवं परिसर के आस-पास जमे हुए गंदे पानी की सफाई तथा रूके हुए पानी पर मच्छरों के लार्वा पनपने से पहले साफ-सफाई करने हेतु जन जागरूकता निर्मित करने पर जोर दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों की भूमि आवश्यकता से संबंधित जानकारी की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय आवासीय भवनों का सर्वे कर 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्री स्टैक की प्रगति, पंजीकृत किसानों द्वारा खाद उठाव की स्थिति तथा एलडब्ल्यूई क्षेत्र के तीन-चार ग्रामों के क्लस्टर के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जानकारी ली। बैठक में प्रगति पोर्टल में योजनाओं की एंट्री, प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए । किसानों को समय पर फसल ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने सहकारिता विभाग के माध्यम से ऋण वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने खाद एवं बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं उठाव की स्थिति की जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर यशवंत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

भवनविहीन आंबा केंद्रों पर होगी कार्रवाई

बैठक में जनधन खाता, आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण, श्रमिक कार्ड, विधवा एवं वृद्धा पेंशन योजना, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा एनएचएम के स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने भवनविहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

सातों जनपदों में जमीन होगी चिन्हित

सुशासन तिहार एवं राजस्व पखवाड़ा के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने, स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्क्रीनिंग एवं एंट्री कार्य पूर्ण कराने, नक्शा प्रोजेक्ट, जल शक्ति मिशन तथा पुनर्वासित परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पौधरोपण के लिए सातों जनपदों में भूमि चिन्हांकन एवं तैयारियों की समीक्षा की गई।

विद्युतकर्मियों ने झुके पोल को किया सीधा, पेड़ के डंगालों की छंटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी के कर्मचारियों ने सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े के नेतृत्व में ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत आड़ावाल नयापारा में स्थित झुके हुए विद्युत पोल को सीधा करने और पेड़ों की खतरनाक टहनियों की कटाई-छंटाई का काम किया गया है। इस

■ बिजली उपभोक्ताओं को मिली राहत, कर्मियों के कार्य से ग्रामीणों में हर्ष

रखरखाव कार्य से आंधी-तूफान के समय तारों के टूटने या स्पार्किंग होने का खतरा टल गया है, जिससे स्थानीय बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। मानसून या आंधी के समय पेड़ों की डालियां तारों पर गिरने से अक्सर फाल्ट और बिजली गुल होने की समस्या होती है। पेड़ों की कटाई से हाई-वोल्टेज लाइनों पर पेड़ों के रगड़ने से होने वाली ट्रिपिंग की समस्या रुक जाती है। झुके हुए पोल को सीधा करने से खंभे के गिरने या करंट फैलने का खतरा नहीं रहता है। ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पोल सीधा करने एवं पेड़ की टहनियों की छंटाई के लिए आभार माना।

शिकायत मिलते ही पहुंचेगा अमला

विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के कार्यपालन अभियंता पीके अग्रवाणी ने उपभोक्ताओं को कहा कि पोल झुकने पेड़ की टहनियां सटने की सूचना दें, जिससे सुधार कर सकें। सूचना मिलते स्थल पहुंचकर उपभोक्ताओं को राहत दे रहे हैं।

खाद गड़बड़ी मामले में कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

जगदलपुर। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ग्राम नानगुर में खाद गोदाम में बड़ी मात्रा में उर्वरक यूरिया व पोटाश की चोरी मामले में जांच के लिए जांच समिति का गठन किया है। महामंत्री अभिषेक नायडू के जारी आदेश में समिति के संयोजक रेखचंद जैन, सह संयोजक उमाशंकर शुक्ला, सदस्य दयाराम कश्यप, फूलसिंह बघेल, नीलूराम बघेल, विजय सिंह और प्रशांत जैन शामिल हैं। उन्होंने जांच रिपोर्ट शीघ्र जमा करने को कहा है।

वन कर्मचारी संघ ने नए सीसीएफ का किया स्वागत

जगदलपुर। वन विभाग जगदलपुर वृत्त के नए मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी प्रभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में वन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर वन कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री मो. सलीम, संभागीय अध्यक्ष अमित झा, जिला अध्यक्ष दामोदर सेठिया सहित संघ के कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सुश्री मांडवी के नेतृत्व में वन विभाग के कार्यों को नई गति मिलेगी तथा अधिकारियों, कर्मचारियों के मध्य समन्वय और अधिक सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर विभागीय हितों एवं वन संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा भी हुई।

सीसीएफ की विदाई, नए सीसीएफ का स्वागत...

जगदलपुर। वन विभाग के जगदलपुर वृत्त के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सीसीएफ आलोक तिवारी की विदाई और नए सीसीएफ सुश्री स्टायलो मंडावी का स्वागत समारोह सोमवार की शाम को आयोजित किया गया। इस अवसर पर बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, संदीप बलगा, एसडीओ योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे, सुखदास नाग, रेंजर देवेंद्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर, प्रकाश देहारी, सौरभ रजक आदि शामिल रहे।

गोल बाजार के एक दुकान प्रभावित, शाम का समय होने से जल्द किया गया नियंत्रण

अंडर ग्राउंड वायरिंग बॉक्स में आग भड़कने से दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में बिजली व्यवस्था बेहतर करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख हृदय स्थल गोल बाजार मेन रोड सहित प्रमुख जगहों पर अंडर ग्राउंड वायरिंग की गई। बताया गया की रथ परिचालन के दौरान शहर में बिजली सप्लाई बाधित होती है, जिसको बेहतर करने के उद्देश्य से दशहरा के पूर्व पूरे शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त और सुरक्षित करने का दावा किया गया था। परंतु रविवार की शाम गोल बाजार में अंडरग्राउंड बिजली डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में अचानक आग भड़कने लगी और पलक झपकते ही वहां विस्फोट की स्थिति निर्मित हुई। जिससे आसपास के दुकानदार दुकान छोड़ भयभीत होकर अपने दुकानों से बाहर निकल पड़े। अंडरग्राउंड बॉक्स में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। और पलक झपकते ही आग पूरे बॉक्स को अपने घेरे में ले लिया।

पुलिस दमकल विद्युत विभाग के कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। व्यापारियों का कहना है कि सरकार बेहतर व्यवस्था का दावा करती है। यह जो घटना हुई उससे व्यापारियों में दहशत है। व्यापारियों का कहना है की जगह-जगह विद्युत के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स हैं जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। व्यापारियों का कहना है कि यदि यह घटना रात में होती है तो बड़ी घटना हो सकती थी। उनकी दुकानों के लिए हमेशा का खतरा है और हमेशा बना रहेगा। व्यापारियों ने इसे तुरंत हटाकर सुरक्षित करने का आग्रह किया है।

उच्च स्तरीय जांच न होने पर मुक्ति मोर्चा करेगा आंदोलन

खाद में गड़बड़ी का मामला प्रशासन की बड़ी चूक : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खाद गोदाम में 1275 बोरी यूरिया एवं लगभग 2 टन पोटाश की कमी का मामला गंभीर है।

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात कर इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की मांग करते ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया है कि यदि सरकारी सब्सिडी से किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले खाद एवं बीज किसानों तक निर्धारित मूल्य पर नहीं पहुंच रहे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि किसानों के अधिकारों एवं सार्वजनिक धन के साथ गंभीर खिलवाड़ है।

बस्तर संभाग के अनेक किसानों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि खाद की कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है, निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर बिक्री हो रही है, अनावश्यक टैगिंग की जा रही है तथा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता का अभाव है। नवनीत चाँद ने मांग की है कि पूरे बस्तर संभाग में खाद एवं बीज वितरण व्यवस्था की जांच कराई जाए, विगत तीन वर्षों के खाद वितरण का फोरेंसिक ऑडिट कराया जाए, खाद प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए, मार्कफेड, सहकारी समितियों, डिस्ट्रीब्यूटरों, परिवहन एजेंसियों एवं निजी विक्रेताओं की भूमिका की जांच की जाए, किसानों से अधिक मूल्य वसूली एवं कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

उन्होंने कहा कि बस्तर का किसान पहले ही मौसम, बाजार और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यदि किसानों के हिस्से का खाद भी रास्ते में गायब हो रहा है या कालाबाजारी की भेंट चढ़ रहा है, तो यह किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं कराई जाती है तो जनआंदोलन प्रारंभ करने के लिए बाध्य होंगे।

आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा को लेकर 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

भू-माफिया पर नियंत्रण के लिए कानून बनाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिले के विभिन्न आदिवासी सामाजिक, सांस्कृतिक, युवा एवं जनसंगठनों के प्रतिनिधियों तथा सर्व समाज प्रमुखों ने सोमवार को राज्यपाल के नाम एक संयुक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा । ज्ञापन में

■ सर्व समाज प्रमुखों ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आदिवासी समुदाय के संवैधानिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस पहल करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि छत्तीसगढ़ की बड़ी आबादी आदिवासी समुदाय से है तथा राज्य का लगभग 61 प्रतिशत भूभाग पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है। इसलिए संविधान प्रदत्त अधिकारों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन में जनगणना में पृथक आदिवासी धर्म कोड की मान्यता, परिसीमन के दौरान आदिवासी प्रतिनिधित्व की सुरक्षा, अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता, आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा, निजीकरण पर रोक तथा जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

इसके अलावा आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों की जांच, भू-माफिया नियंत्रण कानून, भूमि अधिग्रहण और खनन परियोजनाओं में ग्राम सभा की अनिवार्य सहमति, खनिज संपदा से होने वाले लाभ में स्थानीय समुदायों की हिस्सेदारी तथा नक्सल मामलों में जेलों में बंद निर्दोष आदिवासी युवाओं की रिहाई की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी, कंवर समाज अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, गोंड समाज अध्यक्ष पांडुराम तेलाम, मुरिया समाज के पाकलु तेलम, उरांव समाज अध्यक्ष पीआर भगत, तेलगा समाज प्रमुख मंगल रोटेल, महिला प्रभाग की सावित्री हपका, रानी पुनेम, सरोजना ताती, रैनू ओयाम, गुड्डू मोडीयम सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और समाज प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अजजा का दर्जा समाप्त करने का होगा विरोध

ज्ञापन में धर्म परिवर्तन के आधार पर अनुसूचित जनजाति का दर्जा समाप्त करने के किसी भी प्रयास का विरोध, देवगुड़ियों, सरना स्थलों, गोटुल और अन्य पारंपरिक आस्था केंद्रों को कानूनी संरक्षण देने, पेसा कानून एवं वन अधिकार मान्यता अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन तथा आदिवासी शिक्षा और मातृभाषा संरक्षण के लिए विशेष कदम उठाने की मांग भी शामिल है।

राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि आदिवासी समाज की अस्मिता, स्वशासन, परंपरागत अधिकारों और संवैधानिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक हस्तक्षेप करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।